पालनहारे दास पुकारे

दुनिया के झूठे झमेले और मतलब के ये मेले,
नहीं कोई मेरा बिन तेरे सिवा, हारे के श्याम हमारे,
पालनहारे दास पुकारे।

ताने सुनके दुनिया के अब दिल मेरा भर आया,
दरकार तेरी है मुझको कर दो किरपा की छाया,
ओ लाज बचाने वाले हम भी तेरे दुलारे,
पालनहारे दास पुकारे।

हे कलयुग के अवतारी, ओ बाबा शीश के दानी,
ठुकराया जग वालों ने इतनी सी मेरी कहानी,
चरणों में जगह दे मुझको कर दे तू वारे न्यारे,
पालनहारे दास पुकारे।

दुनिया के झूठे झमेले और मतलब के ये मेले,
नहीं कोई मेरा बिन तेरे सिवा, हारे के श्याम हमारे,
पालनहारे दास पुकारे।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35046/title/palanhare-das-pukare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |